## 10- परीक्षा योजना और पाठ्यक्रम-

### परीक्षा योजना

**प्रथम चरण-**

वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा – 65 अंक

परीक्षा के विषय, अधिकतम अंक और दिया गया समय नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा।

| क्रमांक | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता | 60 | 30 | एक घण्टा तीस मिनट की अवधि का संयुक्त प्रश्नपत्र |
| भाग-2 | सामान्य बुद्धि परीक्षण | 30 | 15 | |
| भाग-3 | सामान्य जानकारी | 40 | 20 | |
| | **कुल योग** | **130** | **65** | |

**नोट- उपर्युक्त परीक्षा हेतु निगेटिव (ऋणात्मक अंक दिये जाने का प्राविधान है, जो सही प्रश्न के अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।**

### पाठ्यक्रम

**भाग-1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता**

उम्मीदवारों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा उनके समझ एवं लेखन की योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछें जायेंगे। (यह प्रश्नपत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 के हाईस्कूल परीक्षा के स्तर का होगा)

**भाग-2 सामान्य बुद्धि परीक्षण**

इस परीक्षण का उद्देश्य किसी नई परिस्थिति के समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न होंगे, जो अनुदेशों को समझने, सम्बन्धों, समानताओं तथा संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक क्रियाओं पर आधारित होंगे।

**भाग-3 सामान्य जानकारी**

प्रश्नपत्र का यह भाग उम्मीदवारों की चारों ओर के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके इस्तेमाल के बारे में उसकी योग्यता के आंकने के लिए है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न भी रखे जायेंगे जिनसे ऐसी समसामयिक घटनाओं तथा प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों जिनमें ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्य सम्मिलित हो सकते हैं **(विशेषकर भारत से सम्बन्धित)** एवं उनके वैज्ञानिक पहलुओं का ज्ञान आंका जा सके, जिसकी किसी भी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है।

**द्वितीय चरण- टंकण परीक्षा कम्प्यूटर/लैपटाप पर होगी, जो अर्हकारी प्रकृति की होगी।**

(केवल ऐसे अभ्यर्थियों के लिए चयन के लिए विचार किया जायेगा, जिन्होंने, यथा स्थिति टंकण के लिए विहित न्यूनतम गति प्राप्त कर ली हो।)

**(क) शैक्षिक अर्हता के अनुसार प्रत्येक अभ्यर्थी को निम्नलिखित रीति से अंक प्रदान किये जायेंगे :-**

| क्र. सं. | शैक्षिक अर्हता | प्राप्त अंकों का प्रतिशत | प्रदान किये जाने वाले अंक |
|---|---|---|---|
| **1.** | **इण्टरमीडिएट** | साठ प्रतिशत और इससे ऊपर | **20 अंक** |

indianexam

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पैंतालीस प्रतिशत या ऊपर किन्तु साठ प्रतिशत से कम | **15 अंक** |
| | | तैतीस प्रतिशत या ऊपर किन्तु पैंतालीस प्रतिशत से कम | **10 अंक** |
| **2.** | **स्नातक अवधि** | साठ प्रतिशत और इससे ऊपर | **10 अंक** |
| | | पैंतालीस प्रतिशत या ऊपर किन्तु साठ प्रतिशत से कम | **08 अंक** |
| | | तैतीस प्रतिशत या ऊपर किन्तु पैंतालीस प्रतिशत से कम | **05 अंक** |

**(ख) किसी खिलाड़ी को अधिकतम पांच अंकों के अध्यधीन निम्नलिखित रीति से अंक दिया जायेगा :-**

| | | |
|---|---|---|
| **एक** | यदि अभ्यर्थी अंर्तराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी हो | **05 अंक** |
| **दो** | यदि अभ्यर्थी राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी हो | **04 अंक** |
| **तीन** | यदि अभ्यर्थी राज्य स्तर का खिलाड़ी हो | **03 अंक** |
| **चार** | यदि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय/कॉलेज/स्कूल स्तर का खिलाड़ी हो | **02 अंक** |

कनिष्ठ सहायक के पद पर चयन उत्तर प्रदेश शासन के वित्त विभाग (नियमावली एवं विधि) प्रकोष्ठ "उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग लिपिकीय संवर्ग सेवानियमावली, 2014" में विहित भाग-5 भर्ती की प्रकिया के अंर्तगत नियम-17 के उपबन्धों के अनुसार किया जायेगा।

**वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा** — **65 अंक**

**टंकण परीक्षा- अर्हकारी प्रकृति की होगी।**

शैक्षिक अर्हता के आधार पर अधिकतम अंक - 30 अंक प्रदान किये जायेंगे।

खिलाड़ी को अधिकतम - 05 अंक प्रदान किये जायेंगे।

**योग-35**

**कुल योग -प्रथम चरण +द्वितीय चरण(65+35)=100**

**परीक्षा तिथि के संबंध में यथासमय सूचित किया जाएगा।**

## 11-लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में विशेष नोट -

**11.1-** यदि विज्ञापित पदों के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अत्यधिक होती है और आयोग के लिए विज्ञापन के सापेक्ष प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण उनकी लिखित परीक्षा एक ही शिफ्ट/ दिन में आयोजित किया जाना सुविधाजनक नहीं होता है तो उक्त लिखित परीक्षा एक से अधिक शिफ्टों/ दिनों में आयोजित की जा सकती है। यदि परीक्षा एक से अधिक शिफ्टों/ दिनों में आयोजित की जाती है तो अभ्यर्थियों के स्कोर के Normalization की प्रक्रिया लागू होगी।

**11.2- कनिष्ठ सहायक की लिखित परीक्षा हेतु विज्ञापित पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना अभ्यर्थियों, अंतिम कटऑफ अंक/परसेंटाइल स्कोर (दशमलव के 02 स्थान तक) धारित करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए, को मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किया जाएगा।**

indianexam